### परासिया रोड के कचरा केंद्र से उठती जहरीली बदबू ने कई वार्डों को बनाया नरक, टैक्स के बदले मिल रही बीमारी और बदइंतजामी

# कचरे की सड़ांध में घुटती ज़िंदगी: डीजल बहाने ने उजागर की नगर निगम की बड़ी लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है, और इस बार मामला सिर्फ अव्यवस्था का नहीं बल्कि सीधे-सीधे जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ का है। नगर निगम क्षेत्र के परासिया रोड स्थित बर्मन भूमि में बने कचरा संग्रहण केंद्र से उठ रही सड़ी-गली बदबू ने आसपास के रहवासी इलाकों में रहने वाले लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि वार्ड नंबर 42 गुलाबरा, कावेरी नगर, मोती सृष्टि, माता मंदिर के पीछे का इलाका और सिंधी मोहल्ला तक इस जहरीली बदबू की चपेट में आ चुके हैं। यहां तक कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के घरों के आसपास भी हालात किसी नरक से कम नहीं हैं।यह कोई मामूली बदबू नहीं है, बल्कि सड़ते हुए कचरे और मरे हुए जानवरों से उठने वाली ऐसी जहरीली दुर्गंध है, जो सीधे लोगों के घरों के अंदर तक घुस रही है। लोग अपने घरों में खिड़की-दरवाजे बंद करने को मजबूर हैं, लेकिन फिर भी राहत नहीं मिल रही। हवा में घुला यह जहर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। यह स्थिति साफ तौर पर प्रशासनिक लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी की पोल खोलती है।जब इस पूरे मामले की जमीनी हकीकत जानने की कोशिश की गई, तो कचरा घर के कर्मचारियों ने जो कारण बताया, वह और भी चौंकाने वाला है। उनका कहना था कि "डीजल की कमी" के कारण आज कचरा नहीं उठाया गया, जिससे यह भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है। अब सवाल यह उठता है कि करोड़ों रुपये का बजट रखने वाला नगर निगम अगर डीजल जैसी बुनियादी जरूरत भी पूरी नहीं कर पा रहा है, तो आखिर यह पैसा जा कहां रहा है? नगर निगम द्वारा हर घर से लगभग 1200 का टैक्स वसूला जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन है। लेकिन हकीकत यह है कि लोगों को इस टैक्स के बदले बदबू, गंदगी और बीमारियां मिल रही हैं। यह स्थिति केवल लापरवाही नहीं बल्कि साफ तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। ऐसा लगता है कि कागजों में योजनाएं चल रही हैं, बजट खर्च हो रहा है, लेकिन जमीन पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

इस पूरे मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी बेहद संदिग्ध नजर आती है। क्षेत्र में इतनी गंभीर समस्या होने के बावजूद न तो कोई निरीक्षण किया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बचते नजर आ रहे हैं, मानो उन्हें जनता की परेशानियों से कोई लेना-देना ही नहीं है।

स्थानीय लोगों का गुस्सा अब धीरे-धीरे उबाल लेने लगा है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। लोगों का साफ कहना है कि वे टैक्स देने के बावजूद इस तरह की नारकीय जिंदगी नहीं जी सकते। यह चेतावनी नगर निगम के लिए एक बड़ा संकेत है कि अब भी अगर व्यवस्था नहीं सुधरी, तो हालात बेकाबू हो सकते हैं।

#### जनस्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

सबसे गंभीर बात यह है कि इस कचरा घर के आसपास रहवासी क्षेत्र हैं, जहां हजारों लोग अपने परिवार के साथ रहते हैं। ऐसे इलाके में इस तरह का कचरा प्रबंधन न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। सड़े हुए कचरे और मरे हुए जानवरों से फैलने वाली बदबू से संक्रमण और बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डेंगू, मलेरिया, सांस संबंधी बीमारियां और अन्य संक्रमण तेजी से फैल सकते हैं।

#### कचरा उठाने की नहीं है व्यवस्था

नगर निगम को यह समझना होगा कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है जिसे नजरअंदाज किया जा सके। यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। डीजल की कमी जैसे बहाने किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि संसाधनों की कमी है, तो उसकी जिम्मेदारी भी अधिकारियों की है, जिसका समाधान तुरंत निकाला जाना चाहिए।इसके साथ ही, इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

#### कार्रवाई के नाम पर केवल नोटिस और चेतावनी

यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद बुनियादी व्यवस्थाएं क्यों फेल हो रही हैं। जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस लापरवाही और भ्रष्टाचार में शामिल पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केवल नोटिस और चेतावनी से काम नहीं चलेगा, बल्कि ठोस और उदाहरण पेश करने वाली कार्रवाई जरूरी है। आज जरूरत है कि नगर निगम अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाए और जनता के प्रति जवाबदेह बने। कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सेवा में इस तरह की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो जनता का विश्वास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा, और इसका खामियाजा प्रशासन को भुगतना पड़ेगा। अब गेंद पूरी तरह से नगर निगम के पाले में है। या तो वह तुरंत कार्रवाई करके स्थिति को सुधार ले, या फिर जनता के आक्रोश का सामना करने के लिए तैयार रहे। क्योंकि जिस दिन आम जनता सड़कों पर उतर आई, उस दिन हालात संभालना किसी के बस में नहीं रहेगा।

## आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि आज

**छिन्दवाड़ा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा हिन्दी माध्यम में संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में नवीन प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के विरुद्ध आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

## सेन समाज का हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




सेन समाज का हर क्षेत्र में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है ओर यहां समाज आज निरंतर तरक्की ओर विकास की ओर अग्रसर है, सेन समाज को हर प्रकार से सहयोग किया जायेगा। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने धरमटेकड़ी चौकी के सामने स्थित सेन समाज भवन में आयोजित संत शिरोमणी नंदाजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बंटी विवेक साहू एवं नगर निगम महापौर विक्रम अहके के द्वारा समाज के छात्रों का सम्मान किया गया। सेन समाज के पदाधिकारियों द्वारा सासद बंटी विवेक साहू एवं महापौर विक्रम अहके का सम्मान किया गया।

## सट्टा, जुआ और अवैध शराब से बिगड़ती फिजा, कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत जस की तस

### टारगेट आधारित कार्रवाई और बड़े नेटवर्क पर ढील के आरोप, छोटे गुर्गों तक सीमित रह जाती पुलिस की पकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जुआ, सट्टा और अवैध शराब का बढ़ता कारोबार कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। एक ओर पुलिस पर अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई का दबाव है, तो दूसरी ओर हर महीने तय किए गए कार्रवाई के टारगेट को पूरा करने की बाध्यता भी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वास्तव में अपराध पर नियंत्रण हो रहा है या सिर्फ आंकड़ों का खेल खेला जा रहा है।

#### कार्रवाई के आंकड़ों में छिपी सच्चाई

अगस्त 2025 से मार्च 2026 तक की पुलिस कार्रवाई के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो चौरई क्षेत्र में सट्टा, जुआ और अवैध शराब के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि इन कार्रवाइयों को सख्त कहना मुश्किल है।



आंकड़े जरूर बढ़ते दिखते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये अवैध गतिविधियां शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लगातार फैल रही हैं। कार्रवाई का दायरा सीमित होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद बने हुए हैं।

#### छोटे गुर्गों तक सिमटी कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार, सट्टा कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई अक्सर केवल उन लोगों तक सीमित रहती है जो दिहाड़ी पर पर्चियां काटते हैं। ये छोटे स्तर के एजेंट आसानी से पकड़ में आ जाते हैं और कार्रवाई का आंकड़ा भी पूरा हो जाता है। लेकिन बड़े स्तर पर सट्टा संचालित करने वाले लोग पुलिस की पकड़ से दूर ही रहते हैं। बताया जाता है कि शहर से संचालित यह नेटवर्क पूरे जिले में फैला हुआ है और यहीं से इसका संचालन और प्रबंधन किया जाता है।

#### अवैध शराब का बढ़ता जाल

जिले में अवैध शराब का कारोबार भी तेजी से फैल रहा है। शहर ही नहीं, बल्कि गांवों तक इसकी पहुंच हो चुकी है। अवैध विक्रय और परिवहन का यह धंधा खुलेआम चल रहा है। पुलिस समय-समय पर कार्रवाई जरूर करती है, लेकिन यह प्रयास इस बड़े नेटवर्क को खत्म करने के लिए पर्याप्त नहीं दिखते। नतीजतन, यह कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।



#### गांवों में जुए का बढ़ता प्रभाव

ग्रामीण इलाकों में जुए की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। पुलिस आए दिन प्रकरण दर्ज कर रही है, लेकिन इससे इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस असर नहीं पड़ रहा। जुए के अड्डे फिर से सक्रिय हो जाते हैं और स्थानीय स्तर पर यह गतिविधि समाज को प्रभावित कर रही है।

#### पुराने ढर्रे पर लौटा सट्टा

कुछ समय पहले तक सट्टा मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए संचालित हो रहा था, लेकिन अब यह फिर से पारंपरिक तरीके यानी पर्ची सिस्टम पर लौट आया है। इससे यह और भी ज्यादा फैलने लगा है, क्योंकि इसे नियंत्रित करना और कठिन हो गया है।

#### दोहरी नीति पर उठते सवाल

पुलिस की कार्यप्रणाली पर दोहरे मापदंड अपनाने के आरोप भी लग रहे हैं। एक ओर सख्ती के निर्देश हैं, वहीं दूसरी ओर केवल आंकड़ों को बेहतर दिखाने के लिए औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। इससे असली अपराधी बच निकलते हैं और व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

## समर कैंप के दौरान स्वच्छता का अनोखा संदेश, खिलाड़ियों को किया जागरूक



**जुन्नारदेव।** बीते दिनों स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी, जुन्नारदेव में आयोजित समर कैंप के दौरान खिलाड़ियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति नेहा धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, मार्शल आर्ट कोच एवं जुन्नारदेव नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर योगेश रुखमांगद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया कि वे अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन स्वच्छता को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।इस दौरान भोपाल से पधारी टीम ने नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों ने खिलाड़ियों को आकर्षित किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। खेल-खेल और हंसी-मजाक के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में नगर पालिका की स्वच्छता टीम भी उपस्थित रही। साथ ही मध्य प्रदेश शासन की स्वच्छता योजना के तहत भोपाल से आई ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों ने स्वच्छता बनाए रखने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ स्वच्छ भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**जुन्नारदेव।** 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती (अंबेडकर जयंती) देशभर में धूमधाम से मनाई जाती है। यह कार्यक्रम समानता, शिक्षा और संविधान निर्माता के प्रति सम्मान के प्रतीक हैं। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष समस्त शासकीय संस्था और विद्यालयों में भी डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाना है इस हेतु 10/4/2026 से 14/4/2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना था इस तारतम्य में शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में भी 10 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का समापन 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को हुआ जिसमें बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया जनप्रतिनिधि,शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया और देश के लिए किए हुए उनके योगदान को याद किया इस दिवस पर सभी ने बाबा साहब के स्वपन को पूरा करने और घर घर तक शिक्षा पहुंचाने और सभी को समानता के अधिकार दिलवाने का संकल्प लिया इस कार्यक्रम में हनोतिया ग्राम के जनप्रतिनिधि संस्था के प्राचार्य शिक्षक,शिक्षिका एवं विधार्थी सम्मिलित रहें।

## नरवाई नहीं जलाने के लिए किसानों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले की तहसील मोहखेड़ के अंतर्गत ग्राम कामठी, चारगांव कर्बल, खापानियर राजेगांव, भांडखापा, लेंदागोंदी और लोनिया सहित अन्य गांवों में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशन में विभिन्न आपदाओं आगजनी, सर्पदंश और आकाशीय बिजली से बचाव के लिए ग्राम सभाओं में जन-जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन के मास्टर ट्रेनर श्री कैलाश सोनेवार ने ग्रामीणों को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने ग्रामीणों को आपातकालीन परिस्थितियों में "फर्स्ट रिस्पॉन्डर" बनने के लिए आवश्यक कौशलों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने किसान भाई-बहनों से अपील की कि वे खेतों में नरवाई न जलाएं, क्योंकि इससे मिट्टी के सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। नरवाई प्रबंधन के लिए सुपरसीडर या रोटावेटर के उपयोग की सलाह दी गई, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है और खरीफ फसल को लाभ मिलता है। इसके साथ ही आगजनी, बाढ़, बिजली करंट, भूकंप और सर्पदंश जैसी आपदाओं के दौरान बचाव के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि आपदा के समय घबराने के बजाय संयम और सही तकनीक अपनाकर जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण तथा सरपंच श्रीमती रेखा डिगरसे, श्री संतोष कड़वे, श्री स्वरूपसिंह डेहरिया, ग्राम पंचायत सचिव श्री नीलेश नर्रे, श्री भवीचंद विश्वकर्मा, श्री तुषार खंडागड़े, पटवारी सुश्री शीतल चौकसे, सुश्री रुचि साहू, सुश्री पल्लवी राय आदि मौजूद रहे।

## नीलामी से बची हुई 14 मदिरा दुकानों की नीलामी की तिथि 15 अप्रैल निर्धारित

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले में मदिरा दुकानों के निष्पादन के 21वें चरण के अंतर्गत नीलामी से बची हुई 14 मदिरा दुकानों की नीलामी की तिथि 15 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इन 14 मदिरा दुकानों का कुल आरक्षित मूल्य 143,60,17,866/- रुपए निर्धारित किया गया है। सभी दुकानों के लिए ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं।

शासन के निर्देशानुसार इच्छुक टेंडरदाता पूर्व में डाले गए होल्ड ऑफर (H-1) से अधिक मूल्य बढ़ाकर अपने टेंडर प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही, ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रक्रिया के दौरान बिडिंग के माध्यम से मूल्य को और बढ़ाने का प्रावधान भी रखा गया है। मदिरा दुकानों की स्वीकृति का अंतिम निर्णय विभाग द्वारा लिया जाएगा। टेंडर डालने का समय 14 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## संत सेनाजी जयंती, रैली में युवाओं ने लगाए जयकारे

**पांढुर्णा।** जिला मुख्यालय में श्री संत सेनाजी महाराज की जयंती नाभिक समाज संगठन ने उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई। इस मौके पर समाज के युवाओं ने राधाकृष्ण वार्ड से बाइक रैली निकाली जो गुजरी बाजार, ब्राम्हणी, शंकर नगर, तार बाजार, तीन शेर चौक, जयस्तंभ चौक से होते हुए राधाकृष्ण वार्ड लौटी। रैली में सेन महाराज की जय जयकार के नारे युवाओं ने जोरशोर से लगाए। इसके पूर्व समाज संगठन द्वारा राधाकृष्ण वार्ड स्थित समाज भवन में कलश स्थपा कर जयंती समारोह की शुरूआत की गई। यहां महिला मंडल द्वारा भजन और धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। अंत में नाभिक समाज के भवन में सामूहिक आरती होने के उपरांत महाप्रसाद वितरण किया गया।

### अम्बेडकर जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए सांसद

## डॉ. अम्बेडकर द्वारा लिखा संविधान, मोदी जी के हाथों में सुरक्षित : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाने में सबसे बड़ा योगदान संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अंम्बेडकर का है, उन्होंने हमें सबसे मजबूत संविधान दिया जिसके कारण आज भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है इसके पीछे भी डॉ. अम्बेडकर के विचार और प्रेरणा है। डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को सही मायने में मोदी सरकार में सम्मान मिला है। दलितों व महिलाओं के अधिकारों और भेदभाव रहित समाज का निर्माण मोदी सरकार के नेतृत्व में किया जा रहा है। डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर जी द्वारा लिखा संविधान मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने 135 वीं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर छिन्दवाड़ा शहर सहित जिले भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने सुबह अम्बेडकर चौक छिन्दवाड़ा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें शत-शत नमन करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को डॉ. अम्बेडकर के सिध्दांतों और विचारों की विस्तार से जानकारी दी। दोपहर में डेहरिया मेहरा समाज मंगल भवन कुसमेली में आयोजित डॉ. अम्बेडर जयंती के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए डॉ. अम्बेडकर को याद किया और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की जानकारी दी।

गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल अनुसूईया उईके और सांसद बंटी विवेक साहू व कलेक्टर हरेन्द्र नारायण ने अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के तहत हितलाभ का वितरण भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को विशेष अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा का गौरव पूर्व राज्यपाल (मणिपुर/छत्तीसगढ़) सुश्री अनुसुईया उईके, महापौर विक्रम अहके सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

## सिंगोड़ी क्षेत्र का मामला, नागरिकों में छाया भारी आक्रोश

# बिजली विभाग की कार्यप्रणाली बनी उपभोक्ताओं के लिए परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। आलम यह है कि विभाग के कर्मचारी किसी एक गली या मोहल्ले में मामूली सुधार कार्य के लिए पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप कर देते हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में घंटों बिजली गुल रहने से स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी में सुबह करीब दस बजे एसबीआई बैंक के पास बैंक के लिए ट्रांसफार्म सिफ्ट किया जा रहा था जिसको लेकर पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई करीब तीन घंटे से ज्यादा समय बाद बिजली चालू की गई, इसके पूर्व भी हमेशा छोटे बड़े कामों के लिए बिजली बंद कर दी जाती है जो अनुचित और अ व्यवहारिक है, एक जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी वितरण केंद्र के अंतर्गत लगभग 8,500 घरेलू कनेक्शन आते हैं, जिनमें से अकेले सिंगोड़ी में ही 1,600 से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। ऐसे में भीषण गर्मी में बार बार बिजली आपूर्ति बंद करना लोगो में अक्रोश बढ़ा रहा है। इस मामले लोगो का कहना है कि आपूर्ति प्रबंधन की लापरवाही बरतने से समस्या उत्पन्य हो रही है।

## तीन ट्रांसफार्मर, फिर भी अव्यवस्था, बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए एबी स्विच का नहीं होता इस्तेमाल




जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी की विद्युत व्यवस्था तीन अलग-अलग ट्रांसफार्मरों पर टिकी है। यदि विभाग चाहे तो मोहल्लावार आपूर्ति को नियंत्रित कर सकता है। लेकिन संसाधनों के सही उपयोग के अभाव में छोटे-बड़े हर काम के लिए पूरे सिंगोड़ी को अंधेरे में झोंक दिया जाता है। वही सिंगोड़ी में करीब आठ हजार से ज्यादा जनसंख्या और बीस वार्ड सामिल। ग्रामीणों ने बताया की बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए एबी स्विच का उपयोग होना चाहिए, जिससे जिस क्षेत्र में काम चल रहा है, केवल वहीं की बिजली काटी जाए। लेकिन विभाग के कर्मचारी अपनी सुविधा के लिए मुख्य फीडर से ही सप्लाई बंद कर देते हैं, जिससे उन हजारों घरों में भी बिजली गुल हो जाती है जिनका मरम्मत कार्य से कोई लेना-देना नहीं होता।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विभाग को जन भावनाओं को समझना चाहिए और मरम्मत कार्यों के लिए ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे कम से कम लोग प्रभावित हों।

**इनका कहना है**

परमिट पर ट्रांसफार्म शिफ्ट किया जा रहा था,मुझे तीन दिन हुए है यहां पर जॉइनिंग लिए हुए, एबी स्विज की जरूरत इस बड़े इलाके में है। हमने अपने बड़े अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। जल्द समस्या को दूर किया जाएगा।

**अरविंद पहाड़े**, उपयंत्री बिजली आपूर्ति केंद्र सिंगोड़ी।

## गौ सेवा ही राष्ट्र की सच्ची सेवा है - संत दादा गुरु




**बिछुआ।** नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मठ में 2 दिवसीय मंदिर स्थापना वर्षगांठ महोत्सव की शुरुवात हुई। महोत्सव के पहले दिन की शुरुवात श्री गणपति महा अभिषेक, पूजन के साथ हुआ। मंदिर में 5 कुण्डीय श्री गणेश महायज्ञ का आयोजन गणेश मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी के सानिध्य में संपन्न हुआ। महायज्ञ को मुतलाई के पुरोहित पंडित अक्षद रामचंद्र जोशी के द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। श्री गणेश महायज्ञ के आयोजन से सम्पूर्ण नगर में धर्ममय माहौल बना रहा है। यज्ञ के आयोजन से नगर में वैदिक मंत्रोंच्चरण गूंज उठे। इस दौरान मंदिर समिति पदाधिकारी एवं धर्म प्रेमी मौजूद थे। श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान बिछुआ के द्वारा विशाल संत समागम आयोजित में नर्मदा सेवक निराहारी संत श्री दादा गुरु भगवान के दिव्य दर्शन एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री दादा गुरु का गणेश मठ में भव्यता के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर गणेश मठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने धर्म प्रेमियों को संस्थान के द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी। संत समागम को संबोधित करते हुए अवधूत सिद्ध महायोगी संत श्री दादा गुरु ने कहा कि प्रकृति का सरंक्षण ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के गणेश मठ द्वारा किए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गणेश मठ जीवंत मठ है जो सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य कर धर्म जागरण कार्य कर रहा है।छिंदवाड़ा जिले के निवासी सौभाग्य शाली जहां से 11 नदियां अविरल बह रहीं हैं, उन्होंने ने गौ माता के संरक्षण और संवर्धन पर बल देते हुए बोले कि अब ग्राम और नगर के पहचान गौ माता की संख्या पर निर्भर होंगी। जिस गांव में गौ माता जितनी अधिक होंगी वह उतना ही अधिक समृद्धि शाली होंगा और विपदाओं से बचा रहेंगा।

## गूँजा बाबा साहेब का संदेश, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन पर्व पर नगर परिषद न्यूटन चिखली में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का गौरवमयी आयोजन किया गया । सोमवार, 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित इस विशेष सम्मेलन में बाबा साहेब के महिला सशक्तिकरण के विचारों को केंद्र में रखकर नगर की प्रबुद्ध महिला कार्यकर्ताओं और स्वच्छता वीरांगनाओं का सम्मान किया गया । इस अवसर पर नगर परिषद् द्वारा प्रधान मंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा राय ने की । इस अवसर पर परिषद के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि उपाध्यक्ष संतलाल यादव , नीरू चंदेल , अर्चना डेहरिया , रेखा डेहरिया , वशीम खान , शेख तौसिफ , पार्षद ज्योति यदुवंशी , सीमा इरपाची , निकिता बरखे , कविता यदुवंशी , राहुल गढ़वाल , राहुल सराठी , जयंत राय , निधि यादव , रमेश साहू आदि अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावांजलि अर्पित की गई । सम्मेलन में नगर परिषद उपाध्यक्ष , समस्त वार्डों के पार्षदगण, नोडल अधिकारी (SBM) सहित परिषद का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं । कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए ।

## भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**न्यूटन।** नगर भाजपा द्वारा भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने एवं समाज सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर श्रीचंद पटेल, अशोक भनारिया,शरीफ बाबु, कार्यक्रम प्रभारी हरि आठनकर, अशवनी यदुवंशी, रमेश साहु, इन्द्रपाल साहु, नितिन जायसवाल सोनु पंडित, बिट्टू भनारिया,अखलेश डेहरिया, श्याम श्रीवास्तव, सुनील पाल,दीपक नरेश वर्मा,विश्वकर्मा,विजय बरकडे उपस्थित रहे।


## चौरई तारण तरण जैन समाज ने शिखर शिलान्यास के उपलक्ष्य में किया आयोजन



**चौरई।** तारण तरण जैन समाज द्वारा आज मंगलवार के दिन इतिहास में दिन रहा आज का दिन एक अत्यंत पावन भावनात्मक एवं अविस्मरणीय क्षण के रूप में दर्ज हो गया। नवीन चैत्यालय जी के प्रथम तल पर बनने जा रही 14 पवित्र वेदी एवं शिखर शिलान्यास के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह दिव्य अवसर केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर श्रद्धा भक्ति एवं समर्पण का अद्भुत संगम बन गया। वेदी प्रदाता परिवारों ससम्मान किया गया एवं उनके निवास स्थान से चैत्यालय जी तक गाजे बजे के साथ लाया गया जिससे पूरे नगर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया।कार्यक्रम में प्रमुख रस से बालब्रह्मचारी डॉ. आत्मानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। उनके सानिध्य में पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुँचा गया इस अवसर पर श्री अशोक जी भाई साहब, पंडित सवाई सेठ नरेंद्र जैन, पंडित पद्म चन्द्र जैन एवं बालब्रह्मचारी मनीष भाई साहब द्वारा विधिपूर्वक मंदिर विधि एवं शिखर शिलान्यास सम्पन्न कराया गया व संगीतमय मंदिर विधि के दौरान सागरकांत अविनाश शिरीष तथा श्रीमती शोभा जैन, संध्या जैन, शिल्पी जैन, सुरभि जैन सहित भजन गायकों ने अपने मधुर स्वरों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्ति रस में डूबे इस आयोजन में उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।इस कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित मंच संचालन समाज अध्यक्ष श्री संजय सुकांत जैन द्वारा किया गया। समस्त पदाधिकारियों ने तन-मन-धन से सहयोग करते हुए आयोजन को सफल बनाया।कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक सामाजिक भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**चौरई** : मध्य प्रदेश शासन द्वारा कृषक कल्याण के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में नवीन सदस्य जोड़ने के अभियान का शुभारंभ चौरई में किया गया। इस अवसर पर सेवा सहकारिता समिति कार्यालय में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के 100 से अधिक किसानों ने नई सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम में महाप्रबंधक राजेश रैकवार एवं उपायुक्त जी.एस. डेहरिया ने किसानों को संबोधित करते हुए सहकारी समितियों के माध्यम से शासन द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।महाप्रबंधक रैकवार ने बताया कि वर्तमान टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को उनकी सुविधा अनुसार खाद उपलब्ध हो रही है, जिससे छोटे और बड़े किसानों के बीच का अंतर समाप्त हुआ है। उन्होंने किसानों से अपील की कि बोनी के समय किसी प्रकार की समस्या से बचने के लिए अभी से खाद का भंडारण कर लें।संगोष्ठी में किसानों की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चलाई जा रही जमा योजना की जानकारी भी दी गई, जिससे उनकी शिक्षा एवं भविष्य सुरक्षित हो सके।इस अवसर पर अतर लाल वर्मा, मनोज लिलहरे, बलवंत वर्मा, रंजीत ठाकुर, सुंदरलाल वर्मा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक राकेश साहू, सहायक प्रबंधक सतीश राय, संतोष रघुवंशी, मोहन पांडे, राधेश्याम रघुवंशी, सूरज वर्मा, इमरान खान, रमेश वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा सहित विभिन्न समितियों के प्रबंधक एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## आंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर विधायक विवेक पटेल ने किया माल्यार्पण

### कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय में मनाई गई संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के साथ ही विधायक विवेक विक्की पटेल ने अंबेडकर चौक पहुंच कर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के आदर्शों को याद किया।

जिसके बाद कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में मनाई गई। कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के भूतपूर्व अध्यक्ष धवल माडल, वरिष्ठ कांग्रेसी शाहिद खान, डॉ. जेशराज पारधी, डोंगरमाली ब्लाक अध्यक्ष जितेन्छ्र सिंह जीतू राजपूत, वारासिवनी ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील राणा, राहुल गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, विधायक प्रतिनिधि विवेक जुझार, सुदेश गुड्डु सोनी, राजकुमार चौधरी, शैलेंद्र पटेल, राहुल अरोरा, प्रणय धार्मिक, चिंटू जैन, प्रमेंद्र हेड़ाऊ, हरि क्षीरसागर, पप्पू गोंनाडे, अनिल गौतम, संदेश बिसेन सहित कांग्रेसजन मौजूद रहे।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर के सामाजिक बंधुओं द्वारा नगर के कॉलेज स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले चौक से समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों द्वारा डीजे की धुन पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय के सामने शोभा यात्रा में शामिल लोगों को कांग्रेसियों ने स्वल्पाहार वितरण किया। जिसके बाद यह शोभायात्रा दीनदयाल चौक, बस स्टैंड, जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक, कटंगी मार्ग होते हुए दुर्गामंदिर, अंबडेकर चौक, गांधी चौक, गोलीबार चौक होते हुए रानी अवंतीबाई स्टेडियम पहुंची। जहां मंचीय कार्यक्रम के दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा डॉक्टर बाबा साहेब के जीव परिचय के बारे में सभी को अवगत कराया गया।

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जो कार्य किए, वह आज भी प्रेरणादायक है। उनका जीवन हमें एक नई दिशा में आगे बढने का मार्ग दिखाता है। जीवन भर समानता के संघर्ष करने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। उनके विचार आज भी समरस और सशक्त भारत के निर्माण की प्रेरणा देते है। उनकी विद्वता और योगदान के कारण लोग 14 अप्रैल को ना सिर्फ एक त्यौहार बल्कि उससे भी बढक़र जोश और श्रद्धा के साथ मनाते है।

## ग्राम पंचायत बिसोनी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिसोनी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया।कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती वर्षा वारे, उपसरपंच पवन कश्यप, पूर्व सरपंच एवं वर्तमान पंच विजय वारे,सचिव नीलेश्वर मोरघडे, कैलाश वैद्य, वीरेंद्र वैद्य , कृष्णा भीमटे, मनोहर चौरे, संजीव वाघाडे, संदीप वासनिक, देवेश वैद्य, श्रीमती इंदु मेश्राम, श्रीमती रेखा वासनिक, श्रीमती लक्ष्मी रामटेक्कर, श्रीमती इमला रामटेक्कर सहित अन्य ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और अधिकारों के लिए जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## उकवा में धूमधाम से मनाई गई बाबा अंबेडकर जी की 135 वी जयंती




**हरिभूमि न्यूज उकवा** । संविधान शिल्पकार,विश्वरत्न परमपूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 14 अप्रैल 2026 को 135 वी जयंती के पावन अवसर पर शासकीय कन्या प्री मैट्रिक छात्रावास उकवा एवं शासकीय कन्या आश्रम उकवा के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं के द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे अमर रहे बाबा तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेगे पुरा जब तक सूरज चाँद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा जैसे नारों की गूंज के साथ रैली निकाली गई रैली की अगुवाई शासकीय कन्या प्री मैट्रिक छात्रावास उकवा एवं शासकीय कन्या आश्रम उकवा की अधीक्षिकाओं के मार्गदर्शन में नगर भ्रमण कर छात्रावास एवं आश्रम में रैली का समापन किया गया ।

## आस्था और उमंग के साथ नगर में मनाई गई सेन जी महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



अपने जीवन से समाज को जाति-पांति से ऊपर उठकर मानवता, सेवा और समानता का मार्ग दिखाने वाले संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती 14 अप्रैल मंगलवार को कटंगी शहर में बेहद उत्साह, आस्था और उमंग के साथ मनाई गई। नगर के छतेरा में स्थित सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थल पर सेन समाज के लोगों ने पहुंचकर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। यहां पूजा-अर्चना करने के बाद आरती का आयोजन हुआ। वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित सेन भवन में दोपहर 12 बजे से हवन का आयोजन हुआ और शाम को महाप्रसादी वितरित की गई। जयंती समारोह से नगर में भक्ति, प्रेम और सामाजिक एकता का वातावरण निर्मित हुआ। सुबह साढ़े 10 बजे सेन समाज के ब्लॉक अध्यक्ष फुलचंद कड़वे, नगर अध्यक्ष सुनील मेश्राम, सचिव उमाशंकर लांजेवार, रमेश सेनभक्त, राजु कड़वे, अंचल नागमोते, एन.पी.शेण्डे, चन्द्रकांत उरकुड़े, जगदीश कड़वे, सागर कड़वे, भरत नागमोते, राजेन्द्र कड़वे, सुरेश उरकुड़े, रमेश गनुरकर, जागेश्वर कड़वे, कृष्णा भाकरे, अंकित श्रीवास, आनंद नागमोते, विष्णु भाकरे, योगेश पगाड़े, टेकराम उरकुड़े, दिनेश खंडे, सखाराम वाटकर, नीतिन नागमोते, महेश चौधरी, प्रमोद अनकर सहित अन्य स्वाजातीयजनों ने प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की तत्पश्चात आरती संपन्न हुई। यहां सभी ने एक दूसरे को संत सेन जी महाराज की जयंती की शुभकामनाएं दी। वहीं दोपहर 12 बजे पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, पार्षद कपिल मेश्राम, मितेश कुमरे, पूर्व पार्षद बलदेव कड़वे, आकाश कड़वे, अनमोल शर्मा, शुभम अग्रवाल, सुभाष नागमोते, पुनम चंद नागमोते, दीपक नागमोते ने भी संत सेन जी महाराज की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर पुष्पापंलि अर्पित की। पूर्व सांसद ने कहा कि संत सेन जी महाराज ने अपने जीवन से यह दिखाया कि सच्ची भक्ति कर्म और सेवा में निहित है। उन्होंने जाति-पांति से ऊपर उठकर समाज में प्रेम, समानता और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया।

## दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी असंभव नहीं, डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनायें- अंकित जैन सीईओ

# लांजी जनपद में हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनायी गयी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी में 14 अप्रैल को भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 135वी जयंती को हर्षोल्लास व धूम-धाम से बनाया गया। जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ अंकित जैन सहित जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सभापति रेवा राम कराहटकरे सहित कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने डॉ० भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ अंकित जैन ने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में ऐसे बहुत कम महापुरुष हुए हैं, जिनके नाम पर संपूर्ण विचारधारा और जीवन दर्शन विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों को 'गांधीवाद' तथा डॉ.अम्बेडकर के सिद्धांतों को 'अम्बेडकरवाद' के रूप में जाना जाता है, जो न केवल देश बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुए हैं। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने डॉ. अम्बेडकर के समानता के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जन्म से समान है और उसे समान अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। खासकर शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपने बच्चों को उनके सिद्धांतों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि यदि परिवार स्तर पर ही इन मूल्यों को अपनाया जाए तो समाज में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होने कहा कि यदि हम बाबा साहेब के सिद्धांतों और मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें, तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन संभव है।जनपद पंचायत के सभापति रेवा राम कराहटकरे ने कहा कि मनुष्य की दृढ़ इच्छाशक्ति उसे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम बनाती है और यदि व्यक्ति ठान ले तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बताया कि पढ़ाई उनका मूल अधिकार है और संविधान हर बच्चे को समानता और शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जनपद पंचायत के कर्मचारीगण व अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे। इसी प्रकार डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर समस्त विकास खण्डों, तहसीलों, नगर पंचायतों के कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों तथा जनपद के विभिन्न स्थलों जहां पर डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है वहां पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं अम्बेडकर जयंती धूम-धाम से मनाया गया।



खबर संक्षेप

## रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य आई टी आई सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा संगम' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज प्रातः 11:00 बजे शासकीय आईटीआई सिवनी परिसर में किया जाएगा।
इस मेले में मेराक्यू वेंचर प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से अदानी सोलर प्राईवेट लिमिटेट, कच्छ गुजरात द्वारा लगभग 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण फिटर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर, एमएमवी, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, ड्राफ्ट्समैन सहित सभी तकनीकी ट्रेड पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 28 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को योग्यता के अनुसार 17,085 से 18,085 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा-सीवी के साथ उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया अप्रेंटिसशिप नियमों एवं संबंधित कंपनी की शर्तों के अनुसार की जाएगी। आयोजित मेले में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## ट्रैक्टर में लगा थ्रेसर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत धूमा बाईपास पर सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया। यहां एक ट्रैक्टर में लगा थ्रेसर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, देर रात एक ट्रैक्टर थ्रेसर लेकर धूमा बाईपास मार्ग से गुजर रहा था। मोड़ पर संतुलन बिगडने के कारण थ्रेसर अचानक पलट गया। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां आमतौर पर वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। हालांकि, घटना के समय वहां कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, जिससे संभावित बड़ा नुकसान टल गया। हादसे के बाद सडक़ पर थ्रेसर पलटने से कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा।
प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। क्रेन की सहायता से पलटे हुए थ्रेसर को सडक़ से हटाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बाईपास मार्ग पर तेज गति और मोड़ों पर पर्याप्त संकेतक न होने के कारण अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकरआवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन संचालन की आवश्यकता को उजागर किया है।

## ग्राम भीमगढ़ में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के ग्राम भीमगढ़ में ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान देने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और आपदा प्रबंध संस्थान, गृह विभाग मप्र के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती द्रोपदी बाई, जनपद पंचायत सदस्य तौकीफ खान, एवं विकासखंड समन्वयक अनिल चौरे सहित कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गिरवी के नाम पर ठगी का खेल: गरीब परिवार के चांदी के जेवर हड़पने का आरोप

**सिवनी जिले के लखनादौन अंतर्गत आदेगांव थाना क्षेत्र से एक बार फिर गरीब और भोले-भाले लोगों के साथ कथित धोखाधड़ी और ठगी का मामला सामने आया है। एक पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि इलाके के एक व्यक्ति ने गिरवी के नाम पर उनके कीमती चांदी के जेवर लेकर न केवल हड़प लिए, बल्कि अब उन्हें वापस देने से भी साफ इनकार कर रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मामले में पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बिछुआ निवासी देवेंद्र सिंह परते (उम्र लगभग 35 वर्ष) ने आदेगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि ग्राम प्रेमनगर चौक, आदेगांव निवासी प्रवेश सराठे ने लगभग तीन वर्ष पूर्व उनके घर जाकर उनके चांदी के जेवर- जिनमें छलवाले, पाव जेब, बाकड़ा आदि शामिल हैं- गिरवी के नाम पर रख लिए थे।
पीड़ित का कहना है कि इन जेवरों का वजन करीब डेढ़ किलो के आसपास था,जो उनके परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण और कीमती थे,उस समय किसी जरूरत के चलते उन्होंने भरोसे में आकर ये जेवर आरोपी को सौंप दिए,लेकिन अब वही भरोसा उनके लिए मुसीबत बन गया है।

### आरोप: पैसे दिए बिना जेवर रख लिए

शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह है कि आरोपी ने जेवर लेने के बदले कोई रकम नहीं दी। यानी यह पूरा लेन-देन सिर्फ भरोसे के आधार पर हुआ था। अब जब पीड़ित को अपने परिवार की जरूरतों के चलते जेवरों की आवश्यकता पड़ी, तो उन्होंने आरोपी से संपर्क किया, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। पीड़ित के अनुसार, जब उन्होंने बार-बार जेवर वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें साफ मना कर दिया और बहाने बनाने लगा। इससे पीड़ित परिवार गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में आ गया है।

### परिवार की मजबूरी: डिलीवरी का समय, पैसों की जरूरत

देवेंद्र सिंह परते ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि उनकी पत्नी की डिलीवरी का समय चल रहा है और इस समय उन्हें पैसों की सख्त जरूरत है,उन्होंने बताया कि वे इन जेवरों को बेचकर इलाज और अन्य जरूरी खर्चों की व्यवस्था करना चाहते थे, लेकिन आरोपी द्वारा जेवर वापस न करने के कारण उनकी स्थिति बेहद खराब हो गई है।
यह मामला सिर्फ आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि एक गरीब परिवार की मजबूरी और संवेदनशील स्थिति को भी उजागर करता है।

### तीन साल पुराना मामला, अब भी न्याय अधूरा

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह मामला करीब तीन साल पुराना बताया जा रहा है,इतने लंबे समय तक आरोपी द्वारा जेवर न लौटाना,पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में इस तरह के मामलों की पहले भी चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

### पुलिस पर भी उठे सवाल?

पीड़ित ने आदेगांव थाना में विधिवत शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से आरोपी का नाम, पता और पूरा घटनाक्रम बताया है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर सख्ती नहीं बरती गई, तो क्षेत्र में ठगी और धोखाधड़ी की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

### क्या यह अकेला मामला है?

ग्रामीणों के अनुसार, यह कोई पहला मामला नहीं है। क्षेत्र में कई ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जहां लोगों को भरोसे में लेकर उनके जेवर या पैसे हड़प लिए जाते हैं। इस वजह से ऐसे कथित ठगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और वे बेखौफ होकर अपने कारनामों को अंजाम देते हैं।

### प्रशासन की चुप्पी बनी चिंता का विषय

इस पूरे मामले में अब तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। न तो आरोपी के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाया गया है और न ही पीड़ित को कोई राहत मिली है,ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब तक गरीब और मजबूर लोग इस तरह के अन्याय का शिकार होते रहेंगे? क्या प्रशासन केवल शिकायत दर्ज करने तक ही सीमित रहेगा या फिर पीड़ित को वास्तविक न्याय भी मिलेगा? इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है,अन्य लोगों की माने तो मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी गरीब परिवार इस तरह की ठगी का शिकार न हो।

### भरोसे का फायदा या सुनियोजित ठगी?

इस मामले को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यह सिर्फ एक साधारण लेन-देन का विवाद नहीं है, बल्कि इसमें भरोसे का गलत फायदा उठाने और संभावित ठगी की बू आ रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या पीड़ित को उसका हक मिल पाएगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसके चांदी के जेवर तत्काल वापस दिलाए जाएं, आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

# कान्हीवाड़ा को तहसील बनाने के लिए वर्षों से प्रयास जारी

**सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा को तहसील बनाने की मांग को लेकर वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता सौरभ गोलू यादव द्वारा इस मांग को लेकर लगातार पहल की जाती रही है, जिसके दस्तावेज और प्रस्ताव अब सामने आए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकारी के अनुसार, सौरभ गोलू यादव के नेतृत्व में कान्हीवाड़ा क्षेत्र के आसपास की अधिकांश ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव तैयार कराकर वर्षों पहले ही राजस्व विभाग को भेज दिए गए थे। इन प्रस्तावों में क्षेत्रीय जनसंख्या, दूरी और प्रशासनिक सुविधा को आधार बनाकर कान्हीवाड़ा को नई तहसील बनाने की मांग की गई थी। बताया जा रहा है कि इस मांग को लेकर पूर्व में कान्हीवाड़ा पूर्ण रूप से बंद कर आंदोलन भी किया गया था, ताकि शासन-प्रशासन तक क्षेत्र की आवाज मजबूती से पहुंच सके और जल्द से जल्द मांग पूरी हो सके। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों का भी व्यापक समर्थन देखने को मिला था।
सौरभ गोलू यादव से प्राप्त फाइल के अनुसार, आसपास की ग्राम पंचायतों के प्रस्तावों की प्रतिलिपियां भी सामने आई हैं, जिनमें मेहरा पिपरिया, उमरिया, ड्यूटी, डेका, जुरतरा, छुई सहित अन्य ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव शामिल हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों ने कान्हीवाड़ा को तहसील बनाने के समर्थन में प्रस्ताव पारित किए थे।
इसके अलावा, भू-अभिलेख सिवनी द्वारा अपर सचिव राजस्व मंत्रालय भोपाल को भेजे गए आवेदन की प्रतिलिपि भी प्राप्त हुई है। साथ ही प्रमुख आयुक्त राजस्व द्वारा नवीन तहसील के संबंध में ग्रामवार जानकारी और प्रस्तावित नक्शा भी मंत्रालय भोपाल को भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। इतना ही नहीं, इस संबंध में सौरभ गोलू यादव द्वारा दिए गए आवेदन की प्रतिलिपियां भी प्राप्त हुई हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि इस मांग को लेकर लगातार और व्यवस्थित तरीके से प्रयास किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कान्हीवाड़ा को तहसील का दर्जा मिलता है तो आसपास के दर्जनों गांवों को राहत मिलेगी और राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब वर्षों से लंबित इस मांग पर शासन-प्रशासन कब निर्णय लेता है, इस पर क्षेत्रवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं।

# मरझोर शिवनगर में गूंज रही श्रीमद्भागवत कथा, पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

मरझोर : नगर के छिंदवाड़ा रोड स्थित मरझौर शिवनगर में चल रही श्री संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही है। यह धार्मिक आयोजन 09 अप्रैल से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। 16 अप्रैल, गुरुवार को हवन-पूजन, पूर्णाहुति, विसर्जन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा।
कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित राजकुमार तिवारी जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्चा धनवान वही व्यक्ति है, जो अपने तन, मन और धन से सेवा एवं भक्ति करता है। सच्चे प्रेम के माध्यम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव



है। कथा के दौरान महाराज श्री ने श्रीकृष्ण जन्म के पश्चात की घटनाओं का वर्णन करते हुए बताया कि कंस ने बालकृष्ण को मारने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना ने वेश बदलकर विषैला दूध पिलाने का प्रयास किया, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उसका अंत कर दिया।
इसके साथ ही गोवर्धन लीला का भी सुंदर वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि ब्रजवासी इंद्र भगवान की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने भारी वर्षा की, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। अंततः इंद्र को पराजय स्वीकार करनी पड़ी और वर्षा बंद कर दी गई।
इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया और पूरे पंडाल में जयकारों की गूंज सुनाई दी। आयोजक चंदेल परिवार ने बताया कि भगवान भोलेनाथ एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से इस सात दिवसीय कथा का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वी जयंती का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित

केवलारी - भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी का जन्म उत्सव सांदीपनी विद्यालय प्रागंण मे देवीसिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा सिवनी के मुख्य अतिथ्य, डी एल तिवारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी केवलारी, शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनुप बघेल मंडल अध्यक्ष, सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुजीत राय महामंत्री जिला किसान मोर्चा, पवन यादव अधिवक्ता, चंदु चौधरी सफाई प्रभारी नगर परिषद,रमाशंकर महोबिया, रफीक खान पत्रकारो,एन एल चोरे रिटायर्ड एसडीओ जल संसाधन विभाग,संतोष सिंगराहा स्वास्थ्य विभाग की गरिमामय उपास्तिथी मे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र की पूजन के साथ मनाया गया ।संस्था के



प्राचार्य एल आर बछालिया के द्वारा आतिथीयो का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। नगर परिषद मे कार्यरत सफाई कर्मचारीयों का अतिथियों एवं शाला प्रबंधन ने पुष्प माला पहनाकर जाति समरूपता का, भाईचारे का संदेश दिया ।अदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास अधीक्षक ज्योति गोस्वामी, सांदीपनी विद्यालय की शिक्षिका रमंशासिंह के मार्गदर्शन मे छात्राओं के सामुदायिक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।मंच संचालन कर्ता गजेंद्र बोपचे शिक्षक के द्वारा विधिवत उद्बोधन ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कराये गये।मंचासीन आतिथियों के अलावा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाये ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी के बर्ष 1891 से लेकर 1956 तक जीवन प्रकाश संघर्ष ओर देश को दिये गये संविधानिक अनुपम उपहार का अपने अपने मंतत्व अनुसार सभी ने प्रकाश डाला गया।

# लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण लागू करने की पहल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते हम देश की लोकसभा एवं विभिन्न विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करने की दिशा में की जा रही पहल का हृदय से स्वागत करते हैं। यह कदम भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, न्यायपूर्ण एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।
महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना सदैव से कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा और प्राथमिकता का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस की दूरदर्शी सोच और अटूट प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि देश में महिला सशक्तिकरण की सशक्त नींव दशकों पूर्व ही रखी जा चुकी थी।
पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की दूरदर्शी पहल ने महिलाओं को राजनीतिक अधिकार दिलाने की दिशा में एक क्रांतिकारी मार्ग प्रशस्त किया।
इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री पी.वी. नरसिम्हा राव जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने वर्ष 1993 में पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में महिला आरक्षण को संवैधानिक रूप से लागू कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस पहल ने देश की लाखों महिलाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान किए और लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर सशक्त किया।
आज देशभर में 14 लाख से अधिक महिला जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी कांग्रेस की इसी दूरदर्शी नीति का जीवंत प्रमाण है। यह कांग्रेस की सोच ही रही है कि महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी प्राप्त हो। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में इस व्यापक महिला भागीदारी का उल्लेख कर कांग्रेस पार्टी की 1993 में की गयी महिला सशक्तिकरण की इस ऐतिहासिक पहल की सराहना की गई है। हालांकि, यहां यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि प्रस्तावित विधेयक हर स्थिति में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को ही पूरा करे और यह देश में परिसीमन कर विधायिका की सीटें बढ़ाने या किसी प्रकार से सत्ता प्राप्ति का माध्यम न बने।
हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान करने की वर्तमान पहल कांग्रेस की उसी विचारधारा और ऐतिहासिक संकल्प की निरंतरता है। अतः हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इस महत्वपूर्ण विधेयक को बिना किसी विलंब के निष्पक्ष एवं प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को उनका पूर्ण संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके और भारतीय लोकतंत्र और अधिक सशक्त एवं समावेशी बन सके।

# फाइनल में 416 रन का महायुद्ध, नरसिंहपुर बना चैंपियन

## राजा बघेल फैंस क्लब की पहल 40,000 के कैश प्राइज से खिलाडियों का हुआ सम्मान

बैनगंगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच, संघर्ष और रिकॉर्डों से भरपूर रहा। क्या कभी आपने ऐसा मैच देखा है, जहां दोनों टीमों ने 200 से ज्यादा रन बनाए हों और नतीजा आखिरी ओवर तक टिका रहा हो? इस फाइनल ने क्रिकेट प्रेमियों को यही अनुभव कराया।
पहले बल्लेबाजी करते हुए सिवनी यलो ने 20 ओवर में 206/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आराफ कुरैशी ने 80 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं श्लोक चाचाने ने 37 रन बनाकर अच्छी शुरुआत दिलाई। अन्य बल्लेबाजों ने भी छोटे-छोटे योगदान देकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। एक समय ऐसा





लग रहा था कि यह स्कोर फाइनल जीतने के लिए पर्याप्त साबित होगा।
लेकिन क्या क्रिकेट में कुछ भी पहले से तय होता है?
206 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरसिंहपुर की टीम ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। टीम के हीरो बने कमरान अली, जिन्होंने 43 गेंदों में 83 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 9 चौके और 5 छक्के शामिल रहे, जिसने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।
उन्हें यशोधान दुबे (39) और अरुष चतुर्वेदी (55 नाबाद)* का शानदार साथ मिला। खासकर अरुष ने अंत तक टिककर खेलते हुए टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया।
सिवनी यलो की गेंदबाजी में अनीश पाल ने 4 विकेट लेकर टीम को मुकाबले में बनाए रखने की पूरी कोशिश की, जबकि अकीब खान ने 3 विकेट झटके। इसके बावजूद अन्य गेंदबाज महंगे साबित हुए, जिससे दबाव बनाए रखना मुश्किल हो गया।
आखिरी ओवरों में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया था, लेकिन नरसिंहपुर ने धैर्य बनाए रखते हुए 20 ओवर में 210/7 का स्कोर बनाकर 3 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

### मैच के अहम पहलू

फाइनल में कुल 416 रन बने, जो टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण रहा। कमरान अली का ऑलराउंड प्रदर्शन (83 रन व 4 विकेट) निर्णायक साबित हुआ। सिवनी यलो के गेंदबाजों की महंगी इकॉनमी हार का कारण बनी।

### जिज्ञासा अब भी बाकी है

क्या सिवनी यलो 10-15 रन और जोड़ लेता तो परिणाम बदल जाता? या फिर कमरान अली की पारी इतनी प्रभावशाली थी कि कोई भी स्कोर छोटा पड़ जाता? यह फाइनल सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि क्रिकेट के उस रोमांच का प्रतीक बन गया, जहां आखिरी गेंद तक कुछ भी संभव होता है।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 : सिवनी जिले में पैक्स सदस्यता अभियान का शुभारंभ, किसानों को जोड़ने पर जोर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र शासन द्वारा घोषित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं (पैक्स) में 10 लाख से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए 14 अप्रैल 2026, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जयंती से प्रदेशभर में सघन सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे सभी पात्र गैर-सदस्य किसानों को पैक्स से जोड़ना है, ताकि उन्हें संस्थागत ऋण, कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। विशेष रूप से छोटे, सीमांत, महिला एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के किसानों को सहकारी साख व्यवस्था से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में सिवनी जिले की 57 बी-पैक्स समितियों में अभियान की शुरुआत की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम बी-पैक्स गंगेरूआ में आयोजित हुआ, जिसमें अपेक्स बैंक भोपाल से विशेष कर्तव्य अधिकारी आर. सी. पटले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम में गंगेरूआ शाखा अंतर्गत गंगेरूआ, अरी, अमागढ़ एवं ताखला समितियों के किसान, प्रबंधक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। चारों समितियों के 20 किसानों ने सदस्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। साथ ही 10 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) वितरित किए गए तथा 3 वर्ष से अधिक नियमित लेनदेन करने वाले दो किसानों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## कंडीपार में जल गंगा अभियान को मिला जनसमर्थन, श्रमदान से संवारे जल स्रोत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मप्र शासन) के अंतर्गत संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड सिवनी के ग्राम कंडीपार में जल संरक्षण को लेकर विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान स्थानीय नाले की साफ-सफाई कर ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।
कार्यक्रम में राज्य सलाहकार शिवनारायण पटेल ने स्थानीय जनसमुदाय, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ श्रमदान किया। सभी ने मिलकर नाले एवं तालाब की सफाई करते हुए गाद निकाली और जल स्रोतों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया की भी सक्रिय सहभागिता रही। राज्य सलाहकार श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान एक व्यापक जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों, नदियों और तालाबों का संरक्षण कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।

# मनोनीत पार्षदों का हुआ सम्मान

## केवलारी श्रमजीवी पत्रकार संघ की कार्यशाला संपन्न



**केवलारी (सिवनी)।** स्थानीय शिवशक्ति रेस्टोरेंट में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई केवलारी की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता के गिरते स्तर को बचाने, उसकी गरिमा अक्षुण्ण रखने और वर्तमान चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया। साथ ही, संगठन के उन सदस्यों को सम्मानित किया गया जिन्हें शासन द्वारा पार्षद (एल्डरमैन) मनोनीत किया गया है।

**वरिष्ठों के मार्गदर्शन में हुआ मंथन**

प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया की मंशा और संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में जिलाध्यक्ष नंदन श्रीवात्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए और पुराने सदस्यों के बीच समन्वय स्थापित करना था। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा को हर हाल में बनाए रखना है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना एकजुट होकर करना है। कनिष्ठ पत्रकारों को हमेशा अपने वरिष्ठों के मार्गदर्शन में कार्य करना चाहिए ताकि समाज में पत्रकारिता की छवि धूमिल न हो।
संगठन के लिए गर्व का विषय रहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा केवलारी के दो सक्रिय सदस्यों सुधीर पाण्डे एवं राजकुमार बघेल को एल्डरमैन (पार्षद) पद पर नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर संघ के पदाधिकारियों ने दोनों का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।
बैठक के दौरान संघ के सदस्यों को उनके नवीन परिचय पत्र वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकारों ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। यदि किसी पत्रकार को कार्य के दौरान कोई परेशानी आती है, तो संगठन सदैव उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में जिला महासचिव कन्हैया प्रजापति, पं. दिलीप दुबे, जिला उपाध्यक्ष सुधीर पांडे, राकेश आत्मपूज्य, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, राजू मेहरा, संजय उइके, और अधिवक्ता संघ के सलाहकार पवन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सिवनी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव क्रीडिया, आगा खान, नीलेश अवधिया, राजकुमार बघेल, महेन्द्र यादव, पं. रामनरेश दुबे, चिंटू कौशल, प्रवीण दुबे, अशोक बंदेवार, सियाराम ठाकुर, सदर खान, राजदीप राहंगडाले, मनोज गुप्ता, पवन सिंह ठाकुर, रामकुमार ठाकुर (पलारी), डॉ. वेद सिंह ठाकुर, पवन बघेल, धरमचंद जैन, राहुल श्रीवास्तव, प्रीतम पाल, रवि शंकर अहिरवार, जमुना अहिरवार और बॉबी खान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।
मंच संचालन एवं कार्यक्रम का सफल संचालन पवन यादव ने किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष रफीक खान ने सभी आगंतुक अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया।

## जय भीम के नारों से गुंजा नगर, निकाली विशाल रैली

# डॉ.बाबा साहब आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट शहर में 14 अप्रैल को भारतरत्न, संविधान निर्माता, समाज सुधारक डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। शहर के अंबेडकर चौक पर बड़ी संख्या में अनुयायियों और सर्वसमाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जयंती कार्यक्रम के दौरान पूज्य भंते ने आंबेडकरवादियों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया।

जिले भर में बौद्ध अनुयायियों ने धुमधाम से आयोजन किया। इस अवसर पर बाबासाहेब के जनकल्याण के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया।

प्रातः 10 बजे अंबेडकर चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद 10:30 बजे भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में गौतम बुद्ध और महामानव डॉ बाबा साहब आंबेडकर की जीवंत झांकियां शामिल थीं। डीजे पर बजते भीम गीतों पर युवाओं और हर वर्ग के लोगों ने बाबा साहब अंबेडकर की जन्मजयंती का उत्साह मनाया।

इस अवसर पर जनसैलाब उमड़ा रहा। वहीं आंबेडकर की छायाचित्र के साथ तख्ती लिये हुए अनुयायी इस अवसर पर शामिल रहे। बौद्ध अनुयायियों के द्वारा जगह जगह विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन किए गए। जहाँ नगर में कार्यक्रमों की शुरूआत में पूज्य भंते धम्म शिखर जी के द्वारा आंबेडकर वादियों को त्रिशरण पंचशील कराया। आंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों से झांकियां व रैलियां स्थानीय आंबेडकर चौक पहुंची।

इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को संविधान निर्माता, भारतरत्न, बोधिसत्व, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बताया। उन्होंने दलित और बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया, अछूतों के साथ होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया और श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। जयंती के आयोजनों में सामाजिक बंधुओं ने बाबासाहेब अंबेडकर को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने उनकी जीवनी, भारतीय समाज में उनके योगदान और संविधान में प्रदत्त शक्तियों की जानकारी आम लोगों को दी, साथ ही भारतीय संविधान का अनुसरण करने का आह्वान किया।

## ई-टोकन प्रणाली का पालन न करने पर कार्रवाई

# 36 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई ई-टोकन प्रणाली का पालन न करने पर कृषि विभाग ने जिले में सख्त कार्रवाई करते हुए 36 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूल सिंह मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण अनिवार्य किए जाने के बावजूद संबंधित विक्रेताओं द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। इस पर विभाग द्वारा जांच उपरांत कार्रवाई करते हुए 26 निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं 10 सेवा सहकारी समितियों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

निलंबित किए गए प्रमुख निजी उर्वरक विक्रेताओं में गायत्री ट्रेडर्स (आरम्भा), लिल्हारे ट्रेडर्स (सिवनी कला), साई कृषि सेवा केंद्र (लांजी), गहने कृषि केंद्र (बोनकट्टा, कटंगी), मां शारदा कृषि केंद्र (लांजी), नारायण कृषि केंद्र (बालाघाट), फार्मर फ्यूचर बायोटेक (गर्रा, वारासिवनी), लिल्हारे कृषि केंद्र (सिंगोला), सिहोरे कृषि केंद्र (मुरझड़), परमात्मा एक कृषि केंद्र (खैरलांजी), ओम साईं कृषि केंद्र (लांजी), पांचे कृषि केंद्र (बालाघाट), साईं कृषि केंद्र (किरनापुर), किसान कृषि केंद्र (मुरझड़), सत्यनाम कृषि केंद्र (किरनापुर), रानगिरे कृषि केंद्र (बालाघाट), महावीर कृषि केंद्र (बालाघाट), बहेटवार कृषि केंद्र (किरनापुर), न्यू लिल्हारे कृषि केंद्र (खैरलांजी), प्रतीक ट्रेडर्स (साडरा), मांदरे कृषि केंद्र (बालाघाट), जय श्री राम कृषि सेवा केंद्र (लालबर्रा), गोकुलपुरे कृषि केंद्र (खैरलांजी), खुमेंद्र कृषि केंद्र (बिटोड़ी) एवं चौरागढ़ कृषि केंद्र (वारासिवनी) शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त 10 सेवा सहकारी समितियां कंजई, लामता, चांगोटोला, कुम्हारीकला, गजपुर, पुलपुट्टा, टेकाड़ी-नंदोरा, गढ़ी-बैहर, हट्टा एवं बड़गांव पर भी कार्रवाई की गई है। उप संचालक कृषि श्री मालवीय ने बताया कि 01 अप्रैल से जिले में ई-विकास प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू कर दिया गया है। इसके तहत किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए अब लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि उन्हें निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कृषि भूमिधारक बने समिति के सदस्य

# सीईओ बघेल जिले की 131 पैक्स समितियों में सघन सदस्यता अभियान प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



जिले के सभी पात्र गैर सदस्य किसानों को पैक्स से जोड़कर उन्हे संस्थागत ऋण, कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिसको लेकर 14 अप्रेल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 17 शाखाओं की 131 सहकारी समितियों में सघन सदस्यता अभियान नवीन सदस्य एवं कृषको की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में 14 अप्रेल को अभिनव सिंह बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट, राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता द्वारा बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति लांजी एवं पी. जोशी प्रबंधक लेखा, सारंग बिसेन द्वारा समिति गढ़ी तथा अन्य समितियों में शाखा प्रबधंको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको सुभाष राहंगडाले, एम.एल. नगपुरे, नवल पालीवाल, सुरेश सहारे कृषक, प्रमोद उमरे कृषक, रोशनी मेरावी सरपंच, विमल पाटिल, दशरथ घारवैया, डी.डी. ठाकरे शाखा प्रबंधक बिरसा, चिंतामन राव गौतम, ओपी बिसेन, डी.एल. हनवत, पिकेश पंचेश्वर, रमेश उयके द्वारा कृषको की उपस्थिति में सघन सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई।

इस दौरान लांजी, गढ़ी एवं अन्य समितियों में नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों घनश्याम वानखेड़े, रैनकुमार मानकर, हिरामन नागफासे, कन्हैया, नितीशकुमार एड़े, आकाश एड़े, रैजित कटरे, राजेन्द्र एड़े, मिलेश्वरी एड़े, भिवराम, ठाकुरप्रसाद, धनराज, दीनाराम, सुलकाबाई, भागचंद, ललीताबाई फगनूलाल कुकर्रा, महिपाल भालापुरी, अशोक बोदा, माधुरी गढ़ी, राजेश्वरी गढ़ी, चमरूलाल राम्हेपुर, देवेन्द्र बोदा, दिलीप कुमार उमरिया, डुन्डीलाल सोनपुरी, संतोष मेड़की का फुलमाला, तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अभिनव सिंह बघेल सीईओ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के ऐसे कृषि भूमिधारक जो वर्तमान में समितियों के सदस्य नहीं है उन्हे सदस्यता दिलाई जाना है जिससे उन्हे सहकारी लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि पैक्स के सदस्य किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर एवं मध्यमकालीन ऋण कम ब्याज दरों पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक, बीज, एवं कीटनाशक उचित मूल्य पर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराये जावेगे। राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता ने कहा कि पेक्स सदस्य किसानों को विभिन्न सरकारी अभियानों का लाभ प्राथमिकता से मिले इस हेतु यह अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके अलावा सदस्य सहकारी संस्था के निर्णयों में भाग ले सकते है एवं लाभांश प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गो का समावेश होता है।

वनांचल क्षेत्र बैहर अंतर्गत समिति गढ़ी में अभियान की शुरूआत करते हुए पी.जोशी प्रबंधक लेखा ने कहा कि समिति ग्रामीण सहकारी तंत्र की आधारशीला है जो किसानों को ऋण, कृषि आदान, भंडारण, विपणन तथा अन्य आवश्यक सेवाएँ उपलब्ध कराती है। वर्तमान में अनेक पात्र किसान अभी पैक्स के सदस्य नही है, जिसके कारण वे संस्थागत ऋण एवं अन्य सहकारी सुविधाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त नही कर रहे है ऐसे कृषक सदस्यों को समिति से जोड़ने का कार्य सघन सदस्यता अभियान के तहत किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह अभियान 15 मई तक चलेगा जिसमें जिले के अधिक से अधिक कृषकों से अपील की गई है कि वे समिति की सदस्यता लेकर सहकारी लाभ प्राप्त करे।

# जप किरनापुर में डा.भीमराव आम्बेडकर व संत रविदास की जयंती मनाई

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** म.प्र.शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत किरनापुर में डां भीमराव जो आम्बेडकर व संत रविदास जयंती समारोह विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर व भगवान बुद्ध व संत नरहरी रविदास जी की फोटो पर पुष्प माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच सामाजिक समरसता, समानता और महापुरुषों के विचारों को बढ़ावा देने के लिए , नृत्य, और नाट्य जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।



छात्रों में सामाजिक समरसता, समानता और प्रेरणा के भाव विकसित करना। विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और महापुरुषों के जीवन पर केंद्रित नाटकों का आयोजन किया गया। शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय जन प्रतिनिधि इन कार्यक्रमों में शामिल हुए, जहां डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व और संत रविदास के संदेशों को याद किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती चेतना अजय कुराहे जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंघनधूपे जिला पंचायत सदस्य, राणा कल्याण सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष, मुकेशसिंह चौहान बस एसोसिएशन अध्यक्ष व जनपद सदस्य, मनीषकुमार भीमटे जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती वर्षा बढ़ई जनपद सदस्य, एसडीएम आईएएस आकाश अग्रवाल, रामगोपाल यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी , बेनी प्रसाद अग्रवाल पूर्व सरपंच,राधेश्याम सिंघनधूपे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, अजय कुराहे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, खूमेश अजीत पूर्व शिक्षक ,मनोहर छिपेकर शिक्षक, घनश्याम टांडेकर, नरेश गोंधरे, मंच संचालन बी सी सोनेकर,सब इंजीनियर कैलाश कछवाह, भीमराव भोयर,पंचायत इंस्पेक्टर वेनेश्वर बिसेन, छात्रावास अधीक्षक अरविंद मेश्राम, दिलीप रामटेके, श्रीमती दीप्ति रहांगडाले अधिक्षिका, दुर्गेश कुमार दमाहे, जनपद पंचायत के समस्त कर्मचारी गण, आजीविका मिशन के समस्त अधिकारी व कर्मचारीयों व पत्रकार की उपस्थिति सराहनीय रही।

# नाबालिग लड़की से रेप करने वाले को उम्रकैद

**बालाघाट।** बालाघाट के वारासिवनी कोर्ट ने नाबालिग लड़की से रेप के मामले में फैसला सुनाया है। विशेष जज कविता इवनाती की अदालत ने उमरी के रहने वाले 24 साल के दोषी आयुष उर्फ लक्की शेंडे को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।



सरकारी वकील ऋतुराम कुमरे ने बताया कि यह मामला जुलाई 2021 का है। लड़की के पिता ने कटंगी थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी 19 जुलाई को घर से बाहर गई थी और फिर वापस नहीं लौटी।

पुलिस ने जब लड़की को ढूंढ निकाला और उससे पूछताछ की, तो पता चला कि घर में छोटी-छोटी बातों पर होने वाली डांट से वह नाराज थी और बिना बताए घर से निकल गई थी। रास्ते में उसे आयुष मिला, जो उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ नागपुर, हैदराबाद और बेंगलुरु ले गया। इन शहरों में आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी आयुष के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। अदालत में गवाहों और सबूतों के आधार पर जब जुर्म साबित हुआ, तो जज ने उसे आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा सुना दी।

# संविधान शिल्पकार डॉ. बाबा साहब की मनाई गई 135 जयंती

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**

भारत के संविधान निर्माता और महान समाज सुधारक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती 14 अप्रैल मंगलवार को पूरे देश में बेहद धूमधाम के साथ मनाई गई। कटंगी क्षेत्र के नगरीय और ग्रामीण अंचलों में बड़ी संख्या में कार्यक्रमों के आयोजन हुए। जिससे समूचा क्षेत्र जय भीम के गगनचुंबी नारों से गूंज उठा। इन कार्यक्रमों के जरिए देश ने बाबा साहब के योगदान को याद किया। कटंगी में बस स्टैंड के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सुबह से ही लगातार अनुयायियों ने पहुंचकर बाबा साहब को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह 09 बजे से यह सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। अंबेडकर



अनुयायियों ने नगर में बाइक रैली भी निकाली। अंबेडकर अनुयाईयों के अलावा तमाम राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवियों के द्वारा भी अंबेडकर जी को याद किया गया। दोपहर 12 बजे कांग्रेस नेता पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, सुनीज जैन, पार्षद कपिल मेश्राम, मितेश कुमरे, अशोक कारसर्पे, अशोक तुरकर, नरेश कटारिया, वीरेन्द्र डोंगरे, पूर्व पार्षद बलदेव कड़वे, आकाश कड़वे, अनमोल शर्मा, शुभम अग्रवाल ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए बाबा साहब को याद किया। पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा कि डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक महान अर्थशास्त्री, कानूनविद, और समाज सुधारक थे। संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने देश का लिखित संविधान को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई, ताकि संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिले। उन्होंने शिक्षा, आत्मसम्मान, सामाजिक प्रगति, धर्म, विचार, स्वतंत्रता की रक्षा और जीवन का लक्ष्य पर अपने विचारों से सभी प्रभावित करने का काम किया। यह देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। शाम 05 बजे अंबेडकर अनुयाईयों ने पैदल रैली निकालकर शहर का भ्रमण किया। इस दौरान डीजे में भीम गीतों की प्रस्तुति में युवाओं को जमकर झूमते हुए देखा गया। वहीं रात्रि में डॉ बाबा साहेब अंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति कटंगी के तत्वाधान में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शादी में जा रहे दो लोगों की एक्सीडेंट में मौत

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में सोमवार देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। दोनों ही मृतक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ये घटनाएं रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुईं। पहली घटना कटेगांव थाना क्षेत्र की है। कटेगांव निवासी चंद्रप्रकाश टेकाम (25) अपने भाई कृष्णा टेकाम (18) के साथ कटेगांव से कुम्हारी में एक शादी समारोह में जा रहे थे। गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में चंद्रप्रकाश और कृष्णा दोनों घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंद्रप्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

# पीएम श्री स्कूल माटे में उत्साह पूर्वक मनाया गया आंबेडकर जी का जन्मदिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माटे में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष श्उमेश नागवंशी एवं संरक्षक श्यामकरण पटले प्रभारी प्राचार्य द्वारा बाबा साहेब के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

छात्रों को बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाल कर उनके व्यक्तित्व के बारे ने विस्तृत समझाया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक भाषण, देशभक्ति गीत एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को मिठाई एवं मीठे तरबूज वितरित किए गए।इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण,मीडिया प्रभारी ए कुरैशी एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# पीएम श्री स्कूल अमेड़ा डी में हर्षोल्लास के साथ मनाया भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**





पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा डी में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिन को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । संस्था के प्राचार्य महोदय जी श्री बी एस घरते द्वारा सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर दीप, मोमबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प गुच्छ अर्पित किया गया तत्पश्चात संस्था की सभी शिक्षक शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने पुष्प गुच्छ अर्पित किया गया । उसके बाद संस्था की छात्रा दिव्या भगत एवं सुधा माहते द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवन एवं उनके किए गए अमूल्य कार्यों के ऊपर प्रकार डाला गया तत्पश्चात संस्था में पदस्थ श्री सुशील गेडाम सर, तपेश उपाध्याय सर, परदेश नेवारे सर, द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । डॉक्टर अंबेडकर जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर संस्था में पदस्थ महेश एडपाची सर द्वारा एक मधुर गीत गाकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में संस्था के प्राचार्य महोदय जी आदरणीय श्री बी एस घरते सर जी द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन के बारे, संसाधन की कमी होने के बावजूद भी अपनी शिक्षा अर्जन कर भारत के महामानव कहलाए भारत के लिए उनके अमूल्य कार्यों एवं योगदान की विस्तार से जानकारी दी गई । तथा सभी छात्र-छात्राओं शुभकामनाएं प्रेषित की गई । कार्यक्रम के अंत में संस्था में पदस्थ श्रीमती लक्ष्मी ऊईके मैडम जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था में पदस्थ श्री परमानंद टेंभरे द्वारा किया गया है।